भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1419

गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थल के रूप में श्रवणबेलगोला

1419. श्री के.सी. राममूर्तिः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में स्थित गोम्मतेश्वर प्रतिमा को स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थल के रूप में चिन्हित गया है;

(ख) यदि हाँ, तो उन सुविधाओं का ब्यौरा क्या है जो सरकार द्वारा उक्त स्थल पर उपलब्ध कराई जाएंगी; और

(ग) उक्त की प्रगति की स्थिति क्या है और प्रतिमा व इसके आसपास के स्थानों पर सभी कार्यो के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी हां, महोदय।

(ख): श्रवणबेलगोला में गोम्मतेश्वर प्रतिमा पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विवरण इस प्रकार है:-

(i) शत-प्रतिशत ओडीएफ वातावरण प्राप्त करने के लिए शौचालयों का निर्माण।

(ii) मंदिर नगर में कूड़ेदान, स्ट्रीट डंपिंग यार्ड की स्थापना और ठोस संसाधन प्रबंधन और सफाई के लिए ट्रैक्टरों की उपलब्धता।

(iii) उपचार के साथ ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम।

(iv) पानी की उपलब्धता और पीने के पानी तक पहुंच।

(v) स्नान और शौचालय सुविधाएं।

(vi) सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता।

(vii) विंध्यगिरि के पास सुंदरी और ब्राह्मी उद्यान तथा श्रवणबेलगोला में कल्याणी के पास चावुंदराय उद्यान हैं।

(ग): ऊपर बताए अनुसार कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

****